
## न्यूज डायरी




### एस जयशंकर ने मांगा सस्ती कोरोना रोधी वैक्सीन की निर्बाध आपूर्ति पर समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर क्वाड की बैठक में हिस्सा लेने आस्ट्रेलिया पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उनकी आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्काट मारिसन, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मेरिस पायने, जापान के विदेश मंत्री योशिमाशा हयाशी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात होगी। क्वाड की चौथी बैठक से पहले सभी का एक फोटो सेशन भी हुआ है। एस जयशंकर ने इस दौरान हुई बैठक में कहा कि सितंबर में आस्ट्रेलिया के पीएम और भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक क्वाड को लेकर अपना एक विजन साझा किया था। उन्होंने अन्य सदस्यों को इस बात के प्रति आश्वस्त किया कि हम सभी सदस्य उस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वो इस बात की उम्मीद रखते हैं कि आज हो रही बैठक में विकल्पों पर ध्यान दिया जाएगा कि हम इसमें कहां तक आगे बढ़े हैं। हम सभी के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं।

### इमरान खान ने आखिर देशवासियों के सामने मान ही ली अपनी नाकामी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की हाल में हुई चीन की यात्रा उनके राजनीतिक भविष्य को बचाने और चीन से अधिक पैसे लेने के मकसद से थी। आपको बता दें कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर फंसे प्रधानमंत्री इमरान खान बीजिंग ओलंपिक गेम्स 2022 के दौरान बीजिंग गए थे। चीन की यात्रा ने उन्हें परेशानियों से पार पाने के नए विकल्पों को तलाशने का भी एक मौका दिया है। पालिसी रिसर्च ग्रुप का कहना बीते दिनों में पीएम को राजनीतिक मोर्चे पर काफी परेशानी हुई है। आईएसआई का प्रमुख चुनने के मुद्दे पर न सिर्फ उनके और सेना के बीच मनमुटाव हुआ है बल्कि इस मसले पर उनकी कैबिनेट भी बंट गई है। थिंक टैंक का कहना है कि इस बात का सबूत सभी के सामने हैं। जानकार मानते हैं कि अमेरिका से उसके कूटनीतिक रिश्तों में आई गिरावट और अफगानिस्तान से लगती डूरंड सीमा पर भी तालिबान के साथ उनकी परेशानी बढ़ी ही है।

### शिवरात्रि से पहले खोले गए पशुपतिनाथ मंदिर के कपाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर के कपाट शुक्रवार से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। शिवरात्रि के आगमन से पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए हैं। यह मंदिर नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित है। बता दें कि कोविड–19 संक्रमण की तीसरी लहर के मद्देनजर 18 जनवरी को मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे। पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में जारी बयान के अनुसार, मंदिर को खोलने का निर्णय काठमांडू के जिला प्रशासन कार्यालय के 7 फरवरी के आदेश के बाद आया है। डीएओ ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों का पालन करके मठों, मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों जैसी जगहों पर पूजा, ध्यान या प्रार्थना की जा सकती है। एक भक्त ने कहा, मैं मंदिर आकर बहुत खुश और प्रसन्न हूं। पहले मैं यहां दो बार आया था लेकिन मंदिर बंद था, इस बार मंदिर के अंदर जाने का मौका मिला और इससे मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं मंदिर के अंदर जा सका और मैंने प्रार्थना की।

### रात में 860 डिग्री पर धधकती रहती है शुक्र ग्रह की सतह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने पार्कर सोलर प्रोब की मदद से पहली बार शुक्र ग्रह के सतह की अद्भुत तस्वीरें खींची हैं। इस तस्वीर में शुक्र ग्रह के ऊंचाई वाले इलाके और मैदानी क्षेत्र आदि स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों को खींचने के लिए पार्कर सोलर प्रोब को कई बार शुक्र ग्रह के उन इलाकों का चक्कर लगाना पड़ा जहां अंधेरा था। कई बार की मेहनत के बाद नासा के वैज्ञानिकों को शुक्र ग्रह की अद्भुत तस्वीर मिली है। नासा के वैज्ञानिक ब्रायन वुड ने कहा, आकाश में शुक्र ग्रह तीसरी सबसे चमकीली वस्तु है लेकिन अभी हाल तक शुक्र ग्रह के बारे में हमें बहुत कम जानकारी थी। शुक्र ग्रह की सतह कैसी दिखती है, यह भी नहीं पता था।

# रूस ने यूक्रेन को तीन तरफ से घेरा, बाइडन की डरावनी चेतावनी

**घेरेबंदी**

### रूस की शक्तिशाली नौसेना ने अपने महाविनाशक युद्धपोतों को काला सागर में तैनात किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस की 1 लाख से ज्यादा सेना ने यूक्रेन की अब तीन तरफ से घेरेबंदी पूरी कर ली है। एक तरफ जहां रूस ने अपनी यूक्रेन से लगती सीमा पर 1 लाख से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया है, वहीं अब बेलारूस में भी पुतिन के 30 हजार सैनिक जोरदार अभ्यास कर रहे हैं। इस बीच रूस की शक्तिशाली नौसेना ने अपने महाविनाशक युद्धपोतों को यूक्रेन के पास काला सागर में तैनात कर दिया है। रूस के खतरनाक मंसूबों को देखते हुए अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने नागरिकों को तुरंत यूक्रेन छोड़कर चले जाने की चेतावनी दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने नागरिकों से अपील की कि वे तत्काल यूक्रेन छोड़ दें। उन्होंने चेतावनी दी कि रूस के साथ जंग छिड़ सकती है। ऐसे में रूसी और अमेरिकी सैनिकों को जमीन पर एक–दूसरे का सामना करने दें।



बाइडन ने कहा, हम अभी किसी आतंकी संगठन से नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक का सामना कर रहे हैं। यह बहुत अलग स्थिति है, चीजें कभी भी खतरनाक स्थिति में बदल सकती हैं।

**रूस ने एस400 एयर डिफेंस सिस्टम को भी तैनात किया:** बाइडन की यह डरावनी चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर यूक्रेन को तीन तरफ से घेर लिया है। रूस पिछले 20 दिनों से लगातार यूक्रेन के खिलाफ जोरदार किलेबंदी कर रहा है। बताया जा रहा है कि अक्टूबर 2021 में इस तैनाती के शुरू होने के बाद यह अब तक कि सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है। रूस ने परमाणु बम गिराने में सक्षम मिसाइलें और हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस फाइटर जेट को यूक्रेन की सीमा के पास तैनात कर दिया है। इसके अलावा रूस ने एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम को भी तैनात किया है ताकि किसी भी हवाई खतरे से निपटा जा सके। इस बीच रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने की कूटनीति की पृष्ठभूमि में मास्को द्वारा बेलारूस भेजे गए हजारों सैनिक सैन्य अभ्यास में जुटे हैं। इस बीच, नाटो के और सुरक्षा बल अपने सहयोगी देश यूक्रेन की पूर्वी सीमाओं की ओर बढ़ रहे हैं जबकि ब्रिटेन ने पूर्वी यूरोप में मानवीय संकट की आशंका के मद्देनजर 1,000 सैनिकों को तैयार रहने को कहा है। अगर रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करता है और लड़ाई शुरू होती है तो मानवीय संकट की आशंका पैदा हो सकती है। हालांकि रूस ने कहा है कि उसकी हमले की कोई योजना नहीं है। वह पश्चिम देशों से यह गारंटी चाहता है कि नाटो यूक्रेन तथा पूर्व सोवियत संघ के अन्य देशों को इस पश्चिमी सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने नहीं देगा।

पिछले महीने पेरिस में मुलाकात करने वाले जर्मनी, फ्रांस, रूस और यूक्रेन के विदेशी नीति सलाहकारों ने बर्लिन में एक और दौर की वार्ता की। उन्होंने 2015 के शांति समझौते के क्रियान्वयन पर कोई प्रगति नहीं होने की बात कही।

## कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की सत्ता उखाड़ फेंकेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। भारत में किसानों के मुद्दे पर ज्ञान देने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सत्ता हिलती हुई दिख रही है। कनाडा की राजधानी ओटावा में प्रदर्शन कर रहे 50 हजार प्रदर्शनकारियों ने प्रण किया है कि वे पीएम ट्रूडो के इस्तीफे तक वे डटे रहेंगे। उन्होंने कहा कि जस्टिन ट्रूडो को निश्चित रूप से जाना ही होगा। इससे पहले ट्रूडो ने प्रदर्शनकारियों को मुट्ठीभर चिल्लाने वाले लोग और स्वास्तिक लहराने वाले करार दिया था।

कनाडा के पीएम ट्रूडो ने देश की संसद में चल रहे बहस के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ यह विवादित टिप्पणी की। इससे न केवल विपक्षी दल बल्कि खुद उनकी लिबरल पार्टी के सांसद भी भड़क गए और उनके इस्तीफे की मांग करने लगे। अब प्रदर्शनकारियों ने डेली मेल से बातचीत में कहा है कि ट्रूडो के बयान को बेतुका करार दिया और प्रण किया कि वे तब तक ओटावा शहर में डटे रहेंगे जब तक कि ट्रूडो इस्तीफा नहीं देते हैं, मास्क और वैक्सीन को अनिवार्य किए जाने के फैसले को खत्म नहीं किया जाता है। एक प्रदर्शनकारी जेरी इगल्स ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि ट्रूडो अब कनाडा के लोगों के संपर्क से बाहर हो गए हैं। वह हमारे नेता होने के भी हकदार नहीं हैं।



**तालिबान नेतृत्व से मिले ब्रिटिश अधिकारी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। अफगानिस्तान में मानवीय संकट को लेकर ब्रिटेन ने तालिबान से बातचीत की। ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि ब्रिटेन के शीर्ष अधिकारियों ने अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय स्थिति को लेकर तालिबान नेतृत्व के साथ चर्चा की। ब्रिटेन सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि देश के गहरे होते मानवीय संकट से कैसे निपटा जाए, इस पर चर्चा के लिए ब्रिटिश प्रतिनिधि अफगानिस्तान लौट गए। अफगानिस्तान में यूके मिशन के वरिष्ठ अधिकारी हेस्टर वाड्म्स, ह्यूगो शार्टर और निक डायर तालिबान अधिकारियों मौलवी अमीर खान मुत्ताकी और अब्दुल हक वासीक से मिले।

## इमरान खान की पार्टी के सांसद आमिर लियाकत हुसैन ने तीसरी बार शादी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की राह पर चलते हुए उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के सांसद आमिर लियाकत हुसैन ने तीसरी बार शादी की है। आमिर लियाकत हुसैन अभी 49 साल के हैं और उनकी नई बेगम सईदा दानिया शाह मात्र 18 साल की हैं। लियाकत हुसैन पाकिस्तान के बेहद लोकप्रिय टीवी स्टार हैं और पाकिस्तान संसद के नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। इस ऐलान से ठीक 24 घंटे पहले ही लियाकत ने अपनी दूसरी पत्नी सईदा तूबा अनवर से तलाक लिया था।

लियाकत हुसैन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके अपनी तीसरी पत्नी के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, बीती रात मैंने 18 साल की सईदा दानिया के साथ शादी कर लिया है। उन्होंने बताया कि सईदा दक्षिणी पंजाब के सम्मानित नजीब उत तारफैन सादात परिवार से हैं। लियाकत हुसैन के इस ऐलान को पूरे पाकिस्तान में आश्चर्य के साथ देखा जा रहा है। लियाकत ने कहा कि उनकी नई बेगम बहुत ही आकर्षक है और सादगी से रहती हैं।

**लियाकत की नई बेगम सईदा मात्र 18 साल की हैं**

**पहली पत्नी को फोन पर ही दे दिया था तलाकः** पाकिस्तानी सांसद ने लोगों से अपील की कि वे उनके लिए दुआ करें। इससे 24 घंटे पहले ही सईदा तूबा अनवर ने एक पोस्ट करके लियाकत हुसैन से तलाक का ऐलान किया था। उन्होंने बताया कि वह लियाकत से पिछले 14 महीने से अलग रह रही थीं। सईदा अनवर ने कहा कि आपसी सहमति की कोई गुंजाइश नहीं बचने के बाद मैंने कोर्ट से तलाक ले लिया है। लियाकत ने पिछले कई दिनों से दानिया के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करके इस बात के संकेत दे दिए थे कि उनके जीवन में कोई आने वाला है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की तरह से ही उनके करीबी सांसद लियाकत की यह तीसरी शादी है। लियाकत टीवी पर आलिम ऑनलाइन शो होस्ट करते हैं।

### सौर तूफान ने एलन मस्क की 40 सैटेलाइटों को बनाया आग का गोला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केप केनवरल। अमेरिकी अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क की अंतरिक्ष एजेंसी स्पेसएक्स को तगड़ा झटका लगा है। स्पेसएक्स के सैटेलाइटों का नया बैच सौर तूफान की चपेट में आने से आग के गोले में बदल गए। इन सैटेलाइटों में से कई ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने का प्रयास किया। जो वायुमंडल की घर्षण के कारण आग के गोले में बदल गए। इस घटना को दक्षिण अमेरिका के आसमानों में काफी साफ देखा गया है। स्पेसएक्स ने खुद पुष्टि की है कि पिछले हफ्ते लॉन्च किए गए उसके 49 में 40 छोटे उपग्रह सौर तूफान की चपेट में आने के कारण अपनी कक्षा से भटक गए। उनमें से कुछ तो धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने के दौरान खुद को आग की लपटों के हवाले कर लिया और कुछ अभी भी इस प्रक्रिया से गुजरने वाले हैं। 3 फरवरी, 2022 को एलन मस्क के स्पेसएक्स ने अपने इंटरनेट सैटेलाइट सिस्टम को मजबूत करने के लिए 49 स्टारलिंक सैटेलाइटों का नया बैच पृथ्वी की निचली कक्षा में लॉन्च किया था।